E-mail : eejalgraminbanda@gmail.c
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक :– 705 / W-08 / 36 दिनाँक :– 11 / 08 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :–दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बॉदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनॉक 10.08.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "बीरा में दो साल से खुदी आरसीसी सड़क : जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण को शुद्ध पेयजल नहीं, आवागमन प्रभावित" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक** भास्कर' बॉदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनॉक 10.08.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित **खबर "बीरा में दो साल से** खुदी आरसीसी सड़क : जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण को शुद्ध पेयजल नहीं, आवागमन प्रभावित" के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद बॉदा में विकासखण्ड कमासिन अन्तर्गत ग्राम बीरा पेयजल **योजना की रेट्रोफिटिंग कार्यो के अन्तर्गत** 12.42 कि0मी0 पाइप लाइन, 2.26 कि0मी0 सी0सी0 पुर्नस्थापन, 3.46 **कि0मी0 खड़ंजा पुर्नस्थान एवं 539 नग** गृह जल संयोजन का प्रस्तावित कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कर पेयजलापूर्ति संचालित **करायी जा रही है। उक्त शिकायत** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय कारणों से योजना की स्वीकृत ड्राइंग में पाइप लाइन **न होने के कारण** तत्समय पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण नही कराया गया है। वर्तमान में कार्यरत् कार्यदायी फर्म मैसर्स अवस्थी ट्यूबवेल कम्पनी, कमला नगर, फतेहपुर द्वारा 15 दिवस में पाइप लाइन बिछाकर सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

AE (AE) o/c

**पृ0सं0 एवं दिनॉक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- जिलाधिकारी महोदय, बॉदा।
2- अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बॉदा।
3- जिला सूचना अधिकारी, बॉदा।
4- सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5- मैसर्स अवस्थी ट्यूबवेल कम्पनी, कमला नगर, फतेहपुर को इस निर्देश के साथ कि दूरभाष पर हुई वार्ता के क्रम में 15 दिवस में अवशेष पाइप लाइन बिछाते हुए सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

अधिशासी अभियन्ता

o/c